# सेंटर फॉर डेवलपमेंट ऑफ़ टेलीमैटिक्स

भारत सरकार का दूरसंचार प्रौद्योगिकी केंद्र

**सी-डॉट परिसर , महरौली, नई दिल्ली - 110030**

## निविदा आमंत्रण के लिए नोटिस

**सन्दर्भ सं.: सी-डॉट /डीईएल/कैंपस /2020-2021/002**

सी-डॉट, भारत सरकार द्वारा डिजिटल टेलीफोन एक्सचेंज की डिजाईन और विकास तथा दूरसंचार के क्षेत्र में अनुसन्धान कार्य के लिए स्थापित दूरसंचार प्रौद्योगिकी केंद्र है।

सी-डॉट सेंटर फॉर डेवलपमेंट ऑफ़ टेलीमैटिक्स (सी-डॉट), नई दिल्ली में अग्निशमन / फायर अलार्म सिस्टम, विद्युत पैनलों और मोटर पंप, विद्युत उपकरण और विद्युत कार्यों के संचालन और रखरखाव के लिए प्रतिष्ठित सेवा प्रदाताओं से दो-बोली प्रणाली के तहत प्रतिस्पर्धी बोलियों को आमंत्रित करता है।

1. **कार्य की व्याप्ति:**

कार्य में निर्धारित नियम और शर्तों के अनुसार सेंटर फॉर डेवलपमेंट ऑफ टेलीमैटिक्स (सी-डॉट), नई दिल्ली में अग्निशमन / फायर अलार्म सिस्टम, विद्युत पैनलों और मोटर पंप, विद्युत उपकरण और विद्युत कार्यों का व्यापक संचालन और रखरखाव शामिल है।

2. दस्तावेज़ डाउनलोड एवं प्रस्तुतीकरण: निविदा दस्तावेज़ सी-डॉट की वेबसाइट www.cdot.in (केवल सन्दर्भ के लिए) और केंद्रीय सार्वजनिक खरीद (सीपीपी) की पोर्टल https://eprocure.gov.in/eprocure/app से डाउनलोड किया जा सकता है। बोलियाँ सीपीपी पोर्टल पर केवल ऑनलाइन ही प्रस्तुत की जाएंगी। फ़ैक्स, ई-मेल या किसी भी ऑफ़लाइन तरीकेसे भेजी गयी बोलियों पर विचार नहीं किया जाएगा। इस मामले में कोई पत्राचार नहीं किया जाएगा। इस निविदा के लिए बोली लगाते समय प्रति बोलीदाता केवल एक बोली का सख्ती से पालन किया जाना चाहिए।

**3. महत्वपूर्ण समय सारणी**

| **स.** | **आयोजन का अनुक्रम** | **तारीख और समय** |
|---|---|---|
| 1. | प्रकाशन तिथि | 31 दिसम्बर 2020 (12:30 अपराहन ) |
| 2. | बोली दस्तावेज़ डाउनलोड आरंभ तिथि | 31 दिसम्बर 2020 (12:30 अपराहन ) |
| 3. | स्पष्टीकरण प्रारंभ दिनांक | 31 दिसम्बर 2020 (12:30 अपराहन ) |
| 4. | स्पष्टीकरण की अंतिम तिथि | 06 जनवरी 2021 (2:00 अपराहन) |
| 5. | बोली-पूर्व बैठक की तारीख | 08 जनवरी 2021 (3:00 अपराहन) |
| 6. | बोली के प्रस्तुतीकरण की प्रारंभ तिथि (ऑनलाइन) | 09 जनवरी 2021 (10:00 सुबह) |
| 7. | बोली के प्रस्तुतीकरण की अंतिम तिथि (ऑनलाइन) | 28 जनवरी 2021 (12:30 अपराहन) |
| 8. | **निविदा शुल्क के लिए डिमांड ड्राफ्ट की मूल हार्ड कॉपी का प्रस्तुतीकरण** | 28 जनवरी 2021 (12:30 अपराहन ) |
| 9. | बोली खुलने की तारीख – तकनीकी (ऑनलाइन) | 29 जनवरी , 2021 (2:00 अपराहन) |
| 10. | बोली खुलने की तारीख – वित्तीय (ऑनलाइन) | बाद में सूचित किया जाएगा |

| | | |
|---|---|---|
| 11. | बोली की वैधता | बोली प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि से 180 दिन |
| 12. | निविदा शुल्क | रु 1180/- |
| 13. | बयाना राशि (ई एम डी) | शून्य। बोली सुरक्षा घोषणा पत्र जमा किया जाना है। |
| 14. | निष्पादन बैंक गारंटी / सुरक्षा जमा राशि | अनुबंध मूल्य की 3% राशि की निष्पादन बैंक गारंटी / डिमांड ड्राफ्ट - निविदा दस्तावेज में अधिक विवरण। |
| 15. | निविदा शुल्क एवं प्रतिभूति जमा राशि के प्रस्तुतीकरण व निविदा स्पष्टीकरण के लिए अधिकृत व्यक्ति और स्थान | प्रबंधक (क्रय)<br>सेंटर फॉर डेवलपमेंट ऑफ़ टेलीमैटिक्स<br>सी-डॉट परिसर , महरौली, नई दिल्ली 110030<br>फ़ोन : 011-26598707 |
| 16. | ई-मेल पता | purchase@cdot.in |

**4. मुद्रा:** सभी मूल्य संलग्न प्रारूप के अनुसार केवल भारतीय रुपए (INR) में सख्ती से उद्धृत किये जाने चाहिए।

**5.** सीपीपी पोर्टल की सी-डॉट वेबसाइट से निविदा डाउनलोड कने के बाद बोलीदाता किसी भी तरीके से डाउनलोड मूल्य बोली टेम्पलेट सहित निविदा फॉर्म में छेड़छाड़ / संशोधन नहीं करेगा। यदि किसी को किसी भी तरीके से छेड़छाड़ / संशोधन करते हुए पाया जाता है, तो बोली पूरी तरह से खारिज कर दी जाएगी और ईएमडी को जब्त कर लिया जाएगा तथा बोली लगाने वाले को सी-डॉट के साथ व्यापार करने से प्रतिबंधित कर दिया जाएगा।

**6. बोली का प्रस्तुतीकरण**

**निविदा को दो भागों में ऑनलाइन प्रस्तुत किया जाएगा - तकनीकी बोली और वित्तीय बोली।**

तकनीकी बोली कवर के तहत स्कैन और अपलोड किए जाने वाले दस्तावेजों की सूची:

क) फर्मों के रजिस्ट्रार / कंपनियों के रजिस्ट्रार के साथ पंजीकरण / उद्यम का समावेश / पंजीकरण का प्रमाण पत्र

ख) जीएसटी पंजीकरण प्रमाणपत्र और पैन कार्ड की स्व-सत्यापित प्रतियाँ।

ग) भुगतान का प्रमाण - सेंटर फॉर डेवलपमेंट ऑफ़ टेलीमैटिक्स के पक्ष में देय रु1180 / - के निविदा शुल्क के डिमांड ड्राफ्ट की स्कैन की गई प्रतिलिपि।

घ) शपथ पत्र - सभी निविदा नियमों और शर्तों के अनुपालन के संबंध में अनुलग्नक II और अनुलग्नक III तथा निष्पादन बैंक गारंटी / प्रतिभूति जमा और मूल्य बोली शपथ-पत्र प्रस्तुत करना।

ङ) अनुलग्नक I के अनुसार बोलीकर्ता एजेंसी का विवरण।

च) सभी पृष्ठों पर विधिवत हस्ताक्षरित निविदा दस्तावेज की प्रति।

छ) ईपीएफ पंजीकरण की प्रति और ईएसआईसी पंजीकरण की प्रति।

ज) इस निविदा दस्तावेज के दायरे में उल्लिखित अग्निशमन प्रणाली और इसके सहायक उपकरण / घटकों के संचालन और रखरखाव में न्यूनतम 5 वर्षों के अनुभव का दस्तावेजी प्रमाण।

झ) बोलीदाता द्वारा पिछले तीन वित्तीय वर्षों में कम से कम दो साल (यानी वित्त वर्ष 2017-2018, 2018-2019, 2019-2020 ) में निष्पादित समान प्रकृति (केवल बोली लगाने वाले के नाम पर) के दो अनुबंधों की प्रतियां, प्रत्येक का मूल्य कम से कम रु. 75 लाख हो ।

ञ) पर्याप्त वित्तीय ताकत के समर्थन में बैंक सॉल्वेंसी सर्टिफिकेट ।

ट) पिछले तीन वित्तीय वर्षों में कम से कम 2 ग्राहकों से निष्पादन प्रमाणपत्र की प्रतियां ।

ठ) पिछले तीन वित्तीय वर्षों के वार्षिक टर्नओवर के समर्थन में दस्तावेज ।

ड) प्रमुख ग्राहकों की उनके वार्षिक बिलों के साथ सूची।

**वित्तीय बोली अनिवार्य रूप से *.xls फॉर्मेट में बीओक्यू के मूल्य बोली प्रारूप में होनी चाहिए ।**
7. **निविदा शुल्क के संबंध में मूल डिमांड ड्राफ्ट को मुहरबंद लिफ़ाफ़े में, जिस पर निविदा संख्या, मद (निविदा शुल्क) और नियत तारीख उल्लिखित की गई हो; महत्वपूर्ण समय सारिणी के अनुसार 'बोली जमा करने की अंतिम तिथि' से पहले निम्नलिखित पते पर पहुंच जाने चाहिए-**
प्रबंधक- क्रय प्रभाग, 'सेंटर फॉर डेवलपमेंट ऑफ टेलीमैटिक्स', सी-डॉट परिसर, मांडी रोड, महरौली
नई दिल्ली- पिन- 110030- टेलीफोन नंबर: 011-26802856, 011-26598707, ईमेल पता:
purchase@cdot.in

8. निविदाएं महत्वपूर्ण समय सारिणी में उल्लिखित तिथि / समय के अनुसार खोली जाएंगी। तकनीकी-बोली के ऑनलाइन खोले जाने के बाद उनकी पात्रता के परिणामों के साथ-साथ मूल्य-बोली खोले जाने की सूचना बाद में दी जायेगी।

बोलीदाताओं को निविदा जमा करने की अंतिम तारीख तक किसी शुद्धिपत्र/ जोड़/ संशोधन आदि के लिए सी-डॉट वेबसाइट और सीपीपी पोर्टल नियमित रूप से देखते रहने की सलाह दी जाती है।